# यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में आएंगे पांच देशों के उद्यमी

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** निवेश, निर्यात और औद्योगिक विकास को वैश्विक बाजार मुहैया कराने के लिए आयोजित यूपी इंटरनेशनल ट्रेड में पांच देशों के खरीददार, कारोबारियों ने शामिल होने की पुष्टि की है।

ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में 25 से 29 सितंबर के बीच आयोजित अंतरराष्ट्रीय मेले में प्रदेश के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों, उत्पादों, सरकारी विभागों और विकास प्राधिकरणों को वैश्विक खरीददारों तथा निवेशकों के सामने प्रस्तुत किया जाएगा। तैयारियों में लगे इन्वेस्ट यूपी के अधिकारियों के मुताबिक इस अंतरराष्ट्रीय मेले में घरेलू बिजनेस-टू-बिजनेस खरीदारों के लिए अब तक 45 हजार से ज्यादा पंजीकरण किए जा चुके हैं। घरेलू खरीदारों के शामिल होने का लक्ष्य 1.5 लाख रखा गया है। करीब 1500 विदेशी खरीदारों (बॉयर्स) ने भी रजिस्ट्रेशन कराया है। इनमें 500 से ज्यादा खरीदारों को शॉर्टलिस्ट किया गया है। करीब 15 हजार करोड़ के कारोबार की उम्मीद है। अंतरराष्ट्रीय भागीदारी के तहत जापान, वियतनाम, रूस, सिंगापुर और ऑस्ट्रिया की पुष्टि की जा चुकी है। थाईलैंड की स्थिति अभी प्रतीक्षित है।



फोटोः एआई

**25 से 29 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा में होगा इंटरनेशनल ट्रेड शो**

## संडीला, रामसनेही घाट, मेजा में बनेंगे औद्योगिक क्षेत्र

**लखनऊ।** भारत औद्योगिक विकास योजना (भाव्या) में हरदोई के संडीला, बाराबंकी के रामसनेही घाट तथा प्रयागराज जिले के मेजा में औद्योगिक क्षेत्र विकसित किए जाएंगे। गाजीपुर, अंबेडकरनगर, बांदा तथा सेक्टर 28 झांसी में इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग लॉजिस्टिक क्लस्टर (आईएमएलसी) विकसित होंगे। इन सात परियोजनाओं के लिए राज्य सरकार ने 495 लाख का बजट स्वीकृत किया है। नए औद्योगिक क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाएं विकसित कर बड़े निवेश कराने की योजना है। निवेशकों के हिसाब से सुविधाएं विकसित की जाएंगी। औद्योगिक क्षेत्र को मुख्य सड़क एक्सप्रेसवे तथा हाईवे से सीधे कनेक्ट किया जाएगा, ताकि लॉजिस्टिक सुविधाएं बेहतर और निवेशक आकर्षित हो सके।